OFFICE OF THE REGISTRAR, UNIVERSITY OF LUCKNOW
# कुलसचिव कार्यालय
(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ0प्र0,–226007
Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

Ref. No.:- H-5207
Date :- 17/03/25

सेवा में,
डॉ0 मुकुल श्रीवास्तव,
इन्चार्ज, वेबसाइट,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय,

मा0 कार्य परिषद की बैठक संख्या 01/2025 दिनांक 10-03-2025 के कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः– यथोपरि।**

भवदीय
(विद्यानन्द त्रिपाठी)
कुलसचिव

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ,

## (नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

**कार्य परिषद की बैठक (संख्या 01/2025) दिनांक 10-03-2025 की कार्यवृत्त**

## उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | **प्रो0 आलोक कुमार राय, कुलपति** | | **:—अध्यक्ष** |
| 2- | प्रो0 मनुका खन्ना, प्रति कुलपति | | :—सदस्य |
| 3- | प्रो0 रश्मि कुमार, संकायध्यक्ष, अभिनव गुप्त संकाय | | :—सदस्य |
| 4- | प्रो0 ए0के0 सिंह, संकायाध्यक्ष, अभियान्त्रिकी संकाय | (आन लाइन माध्यम) | :—सदस्य |
| 5- | प्रो0 नीरज मिश्रा, | | :—सदस्य |
| 6- | प्रो0 ओंकार प्रसाद | | :—सदस्य |
| 7- | प्रो0 आर0के0 वर्मा | | :—सदस्य |
| 8- | प्रो0 श्रवण कुमार | | :—सदस्य |
| 9- | प्रो0 रूपेश कुमार | | :—सदस्य |
| 10- | प्रो0 अजय कुमार आर्या | | :—सदस्य |
| 11- | डॉ0 कृष्णा जी श्रीवास्तव | | :—सदस्य |
| 12- | डॉ0 रितू नारंग | | :—सदस्य |
| 13- | डॉ0 सुरेश प्रसाद कन्नौजिया | | :—सदस्य |
| 14- | डॉ0 निधि पाण्ड्या | | :—सदस्य |
| 15- | डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य | | :—सदस्य |
| 16- | श्री धर्मेन्द्र सिंह | (ऑनलाइन माध्यम) | :—सदस्य |
| 17- | डॉ0 जगन्नाथ गुप्ता | (ऑनलाइन माध्यम) | :—सदस्य |
| 18- | जस्टिस रंजना पांडया | | :—सदस्य |
| 19- | प्रो0 कल्पलता पाण्डेय | | :—सदस्य |
| 20- | विद्यानन्द त्रिपाठी, कुलसचिव | | :—सचिव |

श्रीमती हिमानी चौधरी, वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ विशेष आमन्त्रित सदस्य के रूप में बैठक में उपस्थित रहीं, कुलसचिव/सचिव कार्य परिषद द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया।

बैठक के आरम्भ में नवागत कार्य परिषद सदस्य, प्रो0 नीरज मिश्रा, भौतिक विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ0 कृष्णा जी श्रीवास्तव, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ0 रितु नारंग, एसोसिएट प्रोफेसर, व्यापार प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं डॉ0 सुरेश प्रसाद कन्नौजिया, असिस्टेंट प्रोफेसर, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का स्वागत किया गया तथा निवर्तमान कार्य परिषद सदस्य प्रो0 एन0के0 पाण्डेय, भौतिक विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिक विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ0 हिमांशु मोहन, एसोसिएट प्रोफेसर, व्यापार प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं डॉ0 इन्दू सक्सेना, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को कार्य परिषद सदस्य के रूप में दिये गये सहयोग एवं योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

तत्पश्चात कार्य परिषद के समस्त मा0 सदस्यों के स्वागतोपरान्त अध्यक्ष/कुलपति जी की अनुमति से कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

## बैठक की कार्यसूची 01/2025

**विनिश्चय संख्या 2025/01/01:-** कार्य परिषद की बैठक (संख्या 04/2024) दिनांक 09-08-2024, आकस्मिक बैठक (संख्या 05/2024) दिनांक 30-08-2024, आकस्मिक बैठक (संख्या 06/2024) दिनांक 07-10-2024 एवं आकस्मिक बैठक (संख्या 07/2024) दिनांक 26.11.2024 की कार्यवृत्ति एवं कृत कार्यवाही आख्या मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**कार्य परिषद की बैठक (संख्या 04/2024) दिनांक 09-08-2024, आकस्मिक बैठक (संख्या 05/2024) दिनांक 30-08-2024, आकस्मिक बैठक (संख्या 06/2024) दिनांक 07-10-2024 एवं आकस्मिक बैठक (संख्या 07/2024) दिनांक 26.11.2024 की कार्यवृत्ति एवं कृत कार्यवाही आख्या पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/01/02:-** लखनऊ विश्वविद्यालयों के विभिन्न विभागों में सम्पन्न चयन समिति की संस्तुतियों का सील बंद लिफाफा मा0 परिषद के समक्ष खोले जाने एवं उनकी संस्तुतियॉ परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/संस्थानों की गत दिनों सम्पन्न चयन समितियों की संस्तुतियों के सील बंद लिफाफों को कार्य परिषद के सम्मुख खोले जाने हेतु मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा कुलसचिव/सचिव कार्य परिषद को निर्देश प्रदान किया गया। तत्पश्चात विभिन्न चयन समिति की संस्तुतियों के सील बंद लिफाफे मा0 कार्य परिषद के समक्ष खोले गये, समिति की संस्तुतियों का विवरण निम्नवत हैं:-**

**कैरियर एडवान्समेंट योजना (CAS) के अन्तर्गत Department of English and Modern European Languages की दिनांक 21-02-2025, Department of Commerce एव Department of Applied Economics की दिनांक 22-02-2025 को सम्पन्न स्क्रीनिंग/चयन समिति की निम्नांकित संस्तुतियों पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया:-**

| क्रम संख्या | शिक्षक का नाम | पद नाम | विभाग का नाम | प्रोन्नति का पद नाम | अनुमन्य तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Rajesh Babu Sharma | Associate Professor | Deparetment of English and Modern European Languages | Professor (Academic Level 14) | 21-01-2018 |
| 2. | Dr. Hari Narayan Prasad | Associate Professor | Deparetment of English and Modern European Languages | Professor (Academic Level 14) | 22-09-2020 |
| 3. | Dr. Mohd Tariq | Associate Professor | Deparetment of English and Modern European Languages | Professor (Academic Level 14) | 27-11-2021 |
| 4. | Dr. Vincet Maxwell David | Assistant Professor | Deparetment of English and Modern European Languages | Associate Professor (Academic Livel 13A) | 30-06-2022 |
| 5. | Dr. Raj Gaurav Verma | Assistant Professor | Deparetment of English and Modern European Languages | Assistant Professor (Academic Level 12) | 12-11-2022 |
| 6. | Dr. Sunita Srivastava | Associate Professor | Deparetment of Commerce | Professor (Academic Level 14) | 12-07-2019 |
| 7. | Dr. Geetika Tandon Kapoor | Associate Professor | Deparetment of Commerce | Professor (Academic Level 14) | 24-12-2023 |
| 8. | Dr. Nagendra Kumar Maurya | Assistant Professor | Department of Applied Economics | Associate Professor (Academic Level 13A) | 15-06-2024 |
| 9. | Dr. Jai Lakshmi Sharma | Assistant Professor | Department of Applied Economics | Assistant Professor (Academic Level 11) | 21-03-2022 |
| 10. | Dr. Karuna Shankar Kanaujia | Assistant Professor | Department of Applied Economics | Assistant Professor (Academic Level 12) | 21-03-2025 |

विज्ञापन संख्या R/03/24 द्वारा **Assistant Professor, Deparetment of Western History, Faculty of Arts,** विज्ञापन संख्या **R/02/23(SF)** एवं **R/02/24(SF)** द्वारा **Assistant Professor (Contractual), Department of Electronics and Communications, Faculty of Engineering and Technology** एवं विज्ञापन संख्या **R/01/2023** द्वारा **Professor, Department of Aesthetics and Shaiva Philosophy, Faculty of Abhinavagupta Institute of Aesthetics and Shaiva Philosophy** के विज्ञापित पदों के सापेक्ष क्रमशः दिनांक 24.02.2025, 25.02.2025 एवं दिनांक 28.02.2025 को सम्पन्न चयन समिति की निम्नांकित संस्तुतियों पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया:–

| पद नाम | विभाग / पाठ्यक्रम का नाम | श्रेणी | संस्तुति | प्रतीक्षा सूची |
|---|---|---|---|---|
| Assistant Professor | Deparetment of Western History | UR | Aushutosh Singh | Mandakini Rai |
| Assistant Professor (Contractual) | Department of Electronics and Communications | UR | Anum Khan | Siddharth Srivastava |
| | | | Pragyey Kumar Kaushik | Chitra Singh |
| | | EWS | Yoggya Mehrotra | Deepak Kumar Singh |
| | | OBC | Roli Kushwaha | Shalini Sharma |
| Professor | Department of Aesthetics and Shaiva Philosophy | UR | Bhuvneshwari Bhardwaj | Pavan Kumar |

**विनिश्चय संख्या 2025/01/03:-** वित्त समिति की बैठक दिनांक 08-01-2025 की एवं दिनांक 22-02-2025 को सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्ति मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 08-01-2025 एवं दिनांक 22-02-2025 को सम्पन्न वित्त समिति की बैठक के संक्षिप्त सार से कार्य परिषद को अवगत कराया गया, जिस पर विचारोपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक दिनांक 08-01-2025 एवं दिनांक 22-02-2025 की कार्यवृत्ति पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/01/04:-** प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 05-09-2024 की कार्यवृत्ति मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 05-09-2024 को सम्पन्न प्रवेश समिति की बैठक के संक्षिप्त सार से कार्य परिषद को अवगत कराया गया, जिस पर विचारोपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 05-09-2024 की कार्यवृत्ति पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/01/05:-** परीक्षा समिति की बैठक 05.12.2024 की कार्यवृत्ति मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**परीक्षा समिति की बैठक 05.12.2024 की कार्यवृत्ति पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/01/06:-** परिषद द्वारा श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल सचिवालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या–ई–737 / 05–जी0एस0 / 2025–1 दिनांक 25.02.2025 जो लखनऊ विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कृषि संकाय की स्थापना एवं संचालन सम्बन्धी पत्र महामहिम कुलाधिपति महोदया द्वारा अनुमोदनोपरान्त मा0 कार्यपरिषद के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत।

**महामहिम कुलाधिपति महोदया के अनुमोदनोपरान्त लखनऊ विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कृषि संकाय की स्थापना एवं संचालन सम्बन्धी पत्र संख्या–ई–737 / 05–जी0एस0 / 2025–1 दिनांक 25.02.2025 का संज्ञान मा0 कार्य परिषद द्वारा लिया गया।**

इसी क्रम में कुलसचिव/सचिव कार्य परिषद द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा विश्वविद्यालय परिनियमावली के परिनियम 7.01 पर प्रतिस्थापन हेतु अद्यतन 04 संकायों यथा (अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट आफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलास्फी, योगा संकाय एवं अल्टरनेटिव मेडिसिन, प्रबन्ध अध्ययन संकाय एवं कृषि संकाय) पर अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिसका माननीय सदस्यों द्वारा करतलध्वनि से स्वागत करते हुए महामहिम कुलाधिपति महोदया के प्रति कृतज्ञता एवं माननीय कुलपति जी के प्रयासों का आभार प्रकट किया।

1. कुलसचिव/सचिव कार्य परिषद द्वारा नवसृजित संकायों में अधिष्ठाता की नियुक्ति के संबंध में कार्य परिषद को अवगत कराया कि अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट आफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलास्फी, संकाय में प्रोफेसर ना होने के कारण प्रो0 रश्मि कुमार, हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संकायाध्यक्ष, अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट आफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलास्फी के दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है। अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट आफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलास्फी विभाग में आज मा0 कार्य परिषद द्वारा प्रोफेसर की नियुक्ति होने के पश्चात प्रो0 भुवनेश्वरी भारद्वाज को पत्र निर्गत की तिथि से 03 वर्ष या अधिवर्षता आयु जो भी पहले हो तक संकायाध्यक्ष, अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट आफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलास्फी संकाय नियुक्ति किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

2. कुलसचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि अब तक कृषि विषय के शिक्षण एवं परीक्षा कार्य का संचालन लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के अर्न्तगत किया जा रहा था। अतएव विभागाध्यक्ष, वनस्पति विभाग को अगले आदेश तक नवसृजित कृषि संकाय के संकायाध्यक्ष के दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

3. कुलसचिव द्वारा सदन को सूचित किया गया कि योगा संकाय एवं अल्टरनेटिव मेडिसिन में प्रो0 अशोक कुमार सोनकर, विधि विभाग द्वारा संकायाध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है। उक्त सूचना पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गई।

4. कुलसचिव द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में वाणिज्य संकाय में व्यापार प्रशासन विभाग था जिसको नए विभाग प्रबन्ध विभाग के रूप में नव सृजित प्रबन्ध अध्ययन संकाय में स्थापित किया गया। स्थापना के उपरान्त विभाग एवं संकाय की वरिष्ठतम अध्यापिका प्रो0 संगीता साहू को प्रबन्ध विभाग का विभागाध्यक्ष एवं प्रबन्ध अध्ययन संकाय का संकायाध्यक्ष तीन वर्ष के लिये नियुक्त किया गया। उक्त सूचना पर पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गई।

**विनिश्चय संख्या 2025/01/07:-** डॉ0 आशा, असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा पूर्व में हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्वविद्यालय, श्रीनगर, उत्तराखण्ड में असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग के पद पर प्राप्त मूल वेतन रू0 84,800/—को लखनऊ विश्वविद्यालय में संरक्षित किये जाने सम्बन्धी प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**डॉ0 आशा, असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा पूर्व में हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्वविद्यालय, श्रीनगर, उत्तराखण्ड में असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग के वेतन संरक्षण प्रकरण पर विचारोपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रकरण शासन को संदर्भित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/08:- डॉ0 आकांक्षा, असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग की लखनऊ विश्वविद्यालय में नियुक्ति के पूर्व Oil and Naturl Gas Corporatoin Ltd (ONGC) में Senior Official Language के पद पर प्राप्त मूल वेतन रू0 79690/– को लखनऊ विश्वविद्यालय में संरक्षित किये जाने से सम्बन्धित प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**डॉ0 आकांक्षा, असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग की लखनऊ विश्वविद्यालय में नियुक्ति के पूर्व Oil and Naturl Gas Corporatoin Ltd (ONGC) में Senior Official Language के पद पर प्राप्त मूल वेतन को लखनऊ विश्वविद्यालय में संरक्षित किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव पर विचारोपरान्त मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रकरण शासन को संदर्भित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/09:- डॉ0 ओम प्रकाश, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग द्वारा पूर्व में महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदोई में दिनांक 31.08.2013 से 30.06.2019 तथा संत कवि बाबा बैजनाथ राजकीय महाविद्यालय, हरख, बाराबंकी में दिनांक 01.07.2019 से 25.06.2022 तक (दिनांक 31.08.2013 से 25.06.2022 तक) असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में की गयी सेवाओं को लखनऊ विश्वविद्यालय में मात्र कैरियर एडवान्समेन्ट योजना के अर्न्तगत प्रोन्नति लाभ प्रदान किये जाने हेतु आगणित किये जाने सम्बन्धी प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय नियमों के अर्न्तगत कार्यवाही सम्पादित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/10:- डॉ0 प्रवीण कुमार सिंह, होम्योपैथिक चिकित्सक, ल0वि0वि0 को दिनांक 18.09.2024 से पूर्व शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन अग्रेतर 11 माह हेतु सेवाविस्तार प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में मा0 कुलपति महोदय द्वारा मा0 कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में स्वीकृति के उपरान्त निर्गत पत्र संख्या पी–21511–17 दिनांक 25.09.2024 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संज्ञानित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/11:- डॉ0 शिखा गौतम, असिस्टेंट प्रोफेसर (संविदा) का यू0पी0एस0सी0 द्वारा डाटा प्रोसेसिंग असिस्टेंट के पद नियुक्ति होने के उपरान्त कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, अभियान्त्रिकी एवं तकनीकी संकाय, ल0वि0वि0 के पद से प्रस्तुत त्याग पत्र पर मा0 कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में मा0 कुलपति महोदय की स्वीकृति के अनुपालन में दिनांक 26.10.2024 की अपरान्ह से कार्य मुक्त करने के संबंध में निर्गत पत्र संख्या टी–23609–13 दिनांक 18.10.2024 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संज्ञानित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/12:- डॉ0 आरती वर्मा द्वारा सहायक आचार्य, (संविदा) B.Com (SFC) वाणिज्य विभाग के पद से प्रस्तुत त्याग–पत्र पर मा0 कुलपति महोदय के आदेशोपरान्त कार्य मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में निर्गत पत्र संख्या App.-18640-45 दिनांक 07.09.2024 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संज्ञानित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/13:- डॉ0 रविराज सिंह, सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग द्वारा स्वास्थय एवं पारिवारिक कारणों से प्रस्तुत त्याग–पत्र पर मा0 कुलपति महोदय के आदेशोपरान्त कार्य मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में निर्गत पत्र संख्या T-24909-14 दिनांक 06.11.2024 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संज्ञानित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/14:- श्री रोहित श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक, विधि संकाय द्वारा शासनादेश संख्या–5/7/77(3) कार्मिक–1, दिनांक 24.08.1997 में वर्णित व्यवस्था के अनुरूप स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**शासनादेशों में वर्णित व्यवस्थानुसार श्री रोहित श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक, विधि विभाग को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/15:- कुलानुशासक कार्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय में 02 संविदा सुरक्षा गार्ड (सेना से सेवानिवृत्त) की सेवायें 01 दिन का व्यवधान देते हुए दिनांक 11.05.2024 से अग्रिम 11 माह हेतु पूर्व की भाँति विस्तारित किये जाने एवं लखनऊ विश्वविद्यालय में 06 संविदा सुरक्षा गार्ड (सेना से सेवानिवृत्त) की सेवायें 01 दिन का व्यवधान देते हुए दिनांक 06.12.2024 से अग्रिम 11 माह हेतु पूर्व की भाँति विस्तारित किये जाने के संबंध में मा0 कुलपति जी द्वारा कार्य परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्राप्त अनुमोदन के क्रम में निर्गत आदेश संख्याः पी–12617–20 दिनांक 26.06.2024 एवं आदेश सं0 पी– 28093–96 दिनांक 19.12.2024 मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संज्ञानित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/16:- कर्मचारियों के प्रतिकर अवकाश के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश के क्रम में शिक्षकों को भी प्रतिकर/निर्बन्धित अवकाश अनुमन्य किये जाने सम्बन्धित प्रकरण मा0 कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/17:- लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ द्वारा घोषित वर्ष 2025 के सार्वजनिक/निर्बन्धित अवकाश की सूची मा0 कार्य परिषद के सम्मुख अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद ने संज्ञानित होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।**

विनिश्चय संख्या 2025/01/18:- लखनऊ विश्वविद्यालय के मानवशास्त्र विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रो0 उदय प्रताप सिंह के सम्बन्ध में गठित जॉच समिति की संस्तुतियॉ मा0 कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा प्रकरण पर आरोपो तथा प्रकरण पर गठित तथ्यपरक जॉच समिति की संस्तुतियों से मा0 कार्य परिषद को अवगत कराया गया। जिस पर व्यापक विचार विमर्श के पश्चात मा0 कार्य परिषद द्वारा जॉच समिति के निष्कर्ष एवं संस्तुतियों की स्वीकृति के आलोक में प्रकरण पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु मा0 कुलपति को अधिकृत किया तथा कृत कार्यवाही से मा0 कार्य परिषद को अवगत कराने का निर्णय लिया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/01/19:-** लखनऊ विश्वविद्यालय के अरब कल्चर विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ0 ए0ए0 इस्लाही के सम्बन्ध में गठित जॉच समिति की संस्तुतियॉ मा0 कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा प्रकरण पर आरोपो तथा प्रकरण पर गठित तथ्यपरक जॉच समिति की संस्तुतियों से मा0 कार्य परिषद को अवगत कराया गया। जिस पर व्यापक विचार विमर्श के पश्चात मा0 कार्य परिषद द्वारा जॉच समिति के निष्कर्ष एवं संस्तुतियों की स्वीकृति के आलोक में प्रकरण पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु मा0 कुलपति को अधिकृत किया तथा कृत कार्यवाही से मा0 कार्य परिषद को अवगत कराने का निर्णय लिया।**

## अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद

**विनिश्चय संख्या 2025/01/01:-** महाविद्यालयों में राजकीय/स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की एवं सहयुक्तता प्रदान किये जाने एवं उल्लिखित शर्तो के अधीन सहयुक्तता समाप्त करने तथा सहशिक्षा की अनुमति सहित नाम परिवर्तन करने सम्बन्धी प्रकरणों पर समिति की संस्तुति परिषद के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

| क्रम संख्या | महाविद्यालय का नाम | कोर्स | स्थायी/अस्थायी सहयुक्तता हेतु प्रस्ताव |
|---|---|---|---|
| | स्थायी सहयुक्तता | | |
| 1. | श्री सतगुरु महाविद्यालय,मुरारमऊ,रायबरेली | बी0ए0, बी0एल–सी0 पाठ्यक्रम | सत्र 2025–26 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के संबंध में। |
| | सहयुक्तता समाप्त करने सम्बन्धी | | |
| 2. | शिशु मन्दिर महाविद्यालय,गोसाईगंज,लखनऊ | बी0ए0 पाठ्यक्रम | |
| 3. | महाराणा प्रताप कालेज ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड कामर्स, गौरा,मोहनलालगंज,लखनऊ | बी0बी0ए0 एव बी0एस्0सी0 पाठ्यक्रम | |
| 4. | दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स,नियर इन्दिरा नहर, सुल्तानपुर रोड,लखनऊ | बी0 कॉम एव बी0कॉम आनर्स पाठ्यक्रम | |
| 5. | पुत्तुलाल जयबासा देवी मधुकर महाविद्यालय,सिकरी,तम्बौर,सीतापुर | बी0ए0 पाठ्यक्रम | |
| | सहशिक्षा की अनुमति एव नाम परिवर्तन सम्बन्धी | | |
| 6. | कमलापति गुरुप्रसाद गार्जन गर्ल्स महाविद्यालय, नगरा, बेहजन,जिला खीरी के नाम के स्थान पर कमलापति गुरुप्रसाद गार्जन महाविद्यालय, नगरा, बेहजम,जिला खीरी किये जाने के सम्बन्ध में। | | |

**मा0 कार्य परिषद द्वारा क्रम संख्या 01 एवं 06 पर अंकित प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा क्रम संख्या 2 से 5 तक अंकित महाविद्यालयों की सहयुक्तता समाप्त करने संबंधी प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय नियम एवं शर्तो के अधीन कार्यवाही के पश्चात सहयुक्तता समाप्त किये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/01/02:-** परिषद द्वारा प्रो0 सुधा जैन 1975 बैच एल्यूमिनाई, पूर्व विभागाध्यक्ष,रसायन शास्त्र विभाग ल0वि0वि0 द्वारा प्रस्तुत अनुरोध के सापेक्ष एम0एस0सी0 (रसायन शास्त्र) 1975 बैच एल्यूमिनाई, ल0वि0वि0, लखनऊ गोल्ड मेडल परिषद के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया तथा प्रो0 सुधा जैन को प्रशंसा पत्र प्रेषित करने का निर्देश प्रदान किया गया।**

**विनिश्चय संख्या 2025/01/03:-** लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ में पूर्व से लागू **UDDEEPAN** स्कीम की संशोधित गाइडलाइन मा0 परिषद के सम्मुख अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

**प्रो0 गीतांजली मिश्रा, डीन ऐकेडमिक द्वारा UDDEEPAN स्कीम की संशोधित गाइडलाइन से मा0 कार्य परिषद** का अवगत कराया गया, जिस पर सदन में उपस्थित समस्त मा0 सदस्यों द्वारा उक्त प्रस्ताव का करतलध्वनि से स्वागत करते हुए **UDDEEPAN** स्कीम की संशोधित गाइडलाइन सत्र 2025–26 से लागू किये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

विनिश्चय संख्या 2025/01/04:- लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के अनुरोध पर शासनादेश सं0 11/2024/सा0–3–227/10–19099/4/2024 दिनांक 12.06.2024 में वर्णित व्यवस्था को लखनऊ विश्वविद्यालय में लागू करने तथा शासनादेश को अंगीकृत करने हेतु प्रस्ताव परिषद के सम्मुख विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से शासनादेश सं0 11/2024/सा0–3–227/10–19099/4/2024 दिनांक 12.06.2024 में वर्णित व्यवस्था को लखनऊ विश्वविद्यालय में लागू करने तथा शासनादेश को अंगीकृत करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।**

## <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से तत्समय प्रस्तुत मद</u>

**विनिश्चय संख्या 2025/01/S01:** लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत ऐसे शिक्षक जिनकी भर्ती/नियुक्ति के लिये विज्ञापन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की अधिसूचना की तारीख अर्थात दिनांक 28.03.2005 के पूर्व हुआ था, को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने के सम्बन्ध में जारी सम्यक शासनादेश के क्रम में गठित समिति की रिपोर्ट/आख्या मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत।

शासनादेश संख्या 14/2024/सा–3–243/दस–2024/301(1)/2024 दिनांक 28.03.2024 के क्रम में मा0 कुलपति द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट/आख्या के सम्बन्ध में लेखा अधिकारी, सदस्य सचिव, (समिति) द्वारा मा0 कार्य परिषद को यह अवगत कराया गया कि कुलसचिव कार्यालय द्वारा प्रेषित कुल 31 शिक्षकों के विकल्प पत्रों का परीक्षण किया गया परीक्षणोंपरान्त समिति की संस्तुति का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:–

- प्रथम वर्ग:– इसमें 24 प्रकरण हैं जिनका विवरण समिति की आख्या/संस्तुति में अंकित है, शासनादेश दिनांक 28.06.2024 में वर्णित प्राविधानों के अनुसार प्रथम दृष्टया अर्ह प्रतीत होते है, क्यूंकि इन शिक्षकों के चयन हेतु विज्ञापन की अधिसूचना उक्त शासनादेश में निर्धारित तिथि दिनांक 28/03/2005 के पूर्व निर्गत है तथा चयन की प्रक्रिया उस विज्ञप्ति के क्रम में दिनांक 01.04.2005 राष्ट्रीय पेंशन योजना लागू होने के पश्चात् विश्वविद्यालय में नियुक्ति हुए जिसके दृष्टिगत शासनादेश में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित मानकर अगली आवश्यक कार्यवाही किये जाने की संस्तुति की जाती है।

- द्वितीय वर्ग:– इस श्रेणी में दो प्रकरण हैं, जो कि उच्च शिक्षा सेवा आयोग के विज्ञापन सम्बन्धित शासनादेश में निर्धारित तिथि 28/03/2005 के पूर्व जारी हूए थे, के क्रम में ये शिक्षक इस विज्ञापन से चयनित होकर किसी महाविद्यालय में कार्य कर रहे थे, इसके उपरान्त शासनादेश में निर्धारित दिनांक 28/03/2005 के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत विज्ञापन में आवेदन किया तथा चयनित हुए। यद्यपि इन प्रकरणों में इनके वर्तमान पद के चयन की प्रक्रिया दिनांक 28/03/2005 के बाद हुई है तथापि क्यूँकि इनके महाविद्यालय में नियुक्ति की प्रक्रिया दिनांक 28/03/2005 के पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के क्रम में हुई है एवं इनकी महाविद्यालय की सेवा की सातत्यता (**Continuty**) के प्रश्न पर कार्यपरिषद द्वारा इनकी पूर्व की सेवाएं जोड़े जाने के प्रश्न पर निर्णय के उपरान्त पुरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत अर्ह/अनर्ह माने जाने पर विचार किया जा सकता है:–

- तृतीय वर्ग:– ऐसे शिक्षक जिनका चयन माध्यमिक सेवा शिक्षा चयन बोर्ड या लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा इण्टर कॉलेज में प्रवक्ता पद हेतु दिनांक 28/03/2005 के पूर्व निर्गत विज्ञापन के सापेक्ष चयन हुआ था, किन्तु लखनऊ विश्वविद्यालय में इनका चयन सम्बन्धित शासनादेश में निर्धारित तिथि 28/03/2005 के उपरान्त निर्गत विज्ञापन के अनुक्रम में हुआ है।

- चतुर्थ वर्गः— ऐसे शिक्षक जो सांध्यकालीन/अंशकालिक सेवा में कार्यरत थे तथा उनका विनियमितीकरण राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 31 (3)(B) एवं धारा 31 (3)(C) के अन्तर्गत दिनांक 01/04/2005 के पश्चात् किया गया है, जिसके कारण यह प्रकरण शासनादेश संख्या 14/2024/सा–3–243/ दस–2024 /301 (1) /2024 दिनांक 28 जून, 2024 के प्राविधानों से आच्छादित नहीं होता है, अतः इनका प्रकरण समिति के विचार में अनर्ह पाये गये है।
- पंचम वर्गः— क्रमांक 31 पर अंकित डॉ0 ठाकुर प्रसाद राही का प्रकरण में सम्बन्धित शासनादेश में निर्धारित तिथि 28/03/2005 के पश्चात् लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत विज्ञापन संख्या–05/2006 दिनांक 28.03.2006 में आवेदन किया तथा चयनित होकर कार्यरत रहें जो कि पुरानी पेंशन योजना लागू किये जाने सम्बन्धी शासनादेश में अंकित तिथि दिनांक 28.03.2005 के बाद की है जिसके दृष्टिगत इनके विकल्प पत्र पर विचार किया जाना नियमानुकूल नहीं है।

मा0 कार्य परिषद द्वारा समिति की उपरोक्त संस्तुति पर विचार किया गया विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नवत निर्णय लिया गयाः—

- प्रथम वर्ग की संस्तुति को मा0 कार्य परिषद द्वारा यथावत स्वीकार किया गया तथा अगली कार्यवाही हेतु शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।
- द्वितीय एवं तृतीय वर्ग की संस्तुति पर विचार करते हुए मा0 कार्य परिषद द्वारा सम्बन्धित शिक्षकों की पूर्व की सेवायें पुरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत अर्ह पाये जाने पर आगणित किये जाने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही हेतु मा0 कुलपति को अधिकृत किया तथा कृत कार्यवाही से मा0 कार्य परिषद को अवगत कराने का निर्णय लिया।
- चतुर्थ एवं पंचम वर्ग कीं संस्तुति को मा0 कार्य परिषद द्वारा यथावत स्वीकार किया गया।

**विनिश्चय संख्या 2025/01/S02:** लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत डॉ0 अरशद अली जाफरी, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, ओरिएंटल अरेबिक एण्ड पर्शियन विभाग के सम्बन्ध में गठित तथ्यपरक समिति की रिपोर्ट/आख्या (सीलबंद लिफाफा) मा0 कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत।

कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा प्रकरण पर आरोपो तथा प्रकरण पर गठित तथ्यपरक जॉच समिति की संस्तुतियों से मा0 कार्य परिषद को अवगत कराया गया। जिस पर व्यापक विचार विमर्श के पश्चात मा0 कार्य परिषद द्वारा जॉच समिति के निष्कर्ष एवं संस्तुतियों की स्वीकृति के आलोक में प्रकरण पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु मा0 कुलपति को अधिकृत किया तथा कृत कार्यवाही से मा0 कार्य परिषद को अवगत कराने का निर्णय लिया।

तत्पश्चात कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद की अनुमति से कुलसचिव/सचिव, कार्य परिषद द्वारा समस्त मा0 कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

10.3.2025

विद्यानन्द त्रिपाठी
कुलसचिव/सचिव

10/03/25

प्रो0 आलोक कुमार राय
कुलपति/अध्यक्ष